NBT
नवभारत टाइम्स

# पंजाब में छापते थे नकली नोट, हरियाणा में करते थे सप्लाई, 500-500 के नोटों की गड्डियां देख पुलिस के उड़े होश



**फरीदाबाद:** क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने 500-500 के नकली नोटों के मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी गिरफ्तारी पंजाब से हुई है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि 31 मार्च की रात को आईएमटी से योगेश और विष्णु नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने पर आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि फरवरी के पहले सप्ताह में 500/500 के नकली नोट कुल 3 लाख रुपये लुधियाना के खन्ना शहर से लेकर आए थे। इसके लिए उन्होंने 1 लाख रुपये दिए थे। इन नकली नोटों में से 1 लाख 6000 रुपये उन्होंने मार्केट में चला दिए।

## जेल में हुई थी मुलाकात

विष्णु ने बताया कि वह रोहतक जेल में एक फ्रॉड के मामले में बंद था, जहां उसकी मुलाकात पंजाब के सौरभ से हुई थी। जेल से छूटने के बाद उसकी सौरभ से बात हुई तो उसने अपने दोस्त प्रगट से मिलाया। वह खन्ना का रहने वाला है। शुभम उर्फ शिवा के पास नकली नोट थे। वो असली जैसे दिखाई देते हैं। जिस पर विष्णु व योगेश फरवरी के प्रथम सप्ताह में 3 लाख के नकली नोट खन्ना पंजाब से लेकर आए थे।

**पंजाब में बनाते हैं नकली नोट**पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों सौरभ, प्रगट व शुभम को 2 अप्रैल को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। शुभम उर्फ शिवा ने पूछताछ में बताया कि वह और राजेश उर्फ बबलू निवासी गुरु हरिकिशन कॉलोनी खन्ना पंजाब मिलकर नकली नोट बनाते हैं। उसी के आधार पर आरोपी राजेश उर्फ बबलू को 4 अप्रैल को खन्ना पंजाब से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से एक लैपटॉप, प्रिंटिंग मशीन, नकली नोट बनाने की डाई, 6 लाख रुपये के नकली नोट व अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/faridabad/haryana-police-exposed-fake-note-gang-arresred-4-accused-from-punjab/articleshow/120033038.cms